
अपराध | सिर पर गंभीर चोट के निशान, बोरे और साड़ियों में लिपटा हुआ था शव

# कुएं में मिला बुजुर्ग का शव, हत्या की आशंका

**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** जिले के ग्राम सकरिया में गांव के ही एक निर्माणाधीन मकान के पीछे बने कुएं से 62 वर्षीय बुजुर्ग भैयालाल रजक का शव बोरे और साड़ियों में लिपटा हुआ बरामद हुआ। बुजुर्ग के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। जिस पर थाना कोतवाली अनूपपुर में मर्ग कायम किया गया। सोमवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या की गई है।



कोतवाली निरीक्षक अरंविद जैन ने बताया कि 31 अगस्त को मृतक की पहली पत्नी गुड्डी रजक ने कोतवाली अनूपपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कई वर्षों से अपने पति से अलग जैतहरी में रहती है और वहां मोजर वेयर के कैंटीन में खाना बनाने का कार्य करती है। भैयालाल रजक से कोई संतान नहीं होने पर उनकी छोटी बहन मुन्नी रजक का विवाह किया गया था, जिससे उन्हें दो संतानें हैं। रविवार को सुबह से जब भैयालाल का मोबाइल बंद मिला, तो परिजन सकरिया पहुंचे। काफी तलाश के बाद घर के पीछे बने कुएं में उनका शव तैरता हुआ दिखाई दिया।

### एसडीईआरएफ टीम ने शव बाहर निकाला

सूचना पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूहरी के मार्गदर्शन में एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के साथ कोतवाली टीआई, एफएसएल टीम शहडोल के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रदीप अहिरवार, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ गिरजाशंकर गौतम व डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे। जहां होमगार्ड की एसडीईआरएफ टीम की मदद से शव को बाहर निकाला गया।

### मृतक ने हाल ही में पैतृक जमीन बेची थी

प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि मृतक ने हाल ही में ग्राम परसवार में अपनी पैतृक जमीन बेची थी और सकरिया में मकान का निर्माण कार्य भी करवा रहा था। मृतक की दो पत्नियां होने और पारिवारिक विवादों को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## तलवार व बका लहराते दो गिरफ्तार



थाना भालूमाड़ा पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धारदार हथियार (तलवार व बका) लहराते गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काली मंदिर भालूमाड़ा के पास तथा दूसरा व्यक्ति पयारी नंबर-2 के पास तलवार व बका लहराते हुए राहगीरों को डरा-धमका रहा है। पुलिस टीम ने काली मंदिर भालूमाड़ा के पास से बृजेंद्र उर्फ चरका तथा पयारी नंबर-2 से दुर्गेश उर्फ गुड्डा पटेल को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया।




## ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

- कूपन स्कीम के नाम पर पर करते थे ग्रामीणों से धोखाधड़ी

**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** फुनगा चौकी एवं कोतवाली पुलिस ने कूपन स्क्रैच कर सामान जीतने का लालच देकर ग्रामीणों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।

इस मामले में थाना भालूमाड़ा पुलिस ने पांच आरोपियों नितिन कुमार, विपिन कुमार, दोनो निवासी हीरापुर, गोपाल कुमार नायक, भीमबाबू सिंह, दोनों निवासी आगरा (उ.प्र.) तथा मुरारी लाल बंजारा निवासी कासगंज (उ.प्र.) को गिरफ्तार किया। फरियादी महेश प्रसाद साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अगस्त की सुबह करीब 7-8 बजे पांच लोग आर्टिका एवं वैगनआर कार से पहुंचे। आरोपियों ने कूपन स्क्रैच कर इनाम जीतने की योजना बताकर गैस चूल्हा, इंडक्शन, टावर स्पीकर, कूलर आदि दिखाए और कूपन खरीदने का झांसा दिया।

### दो कार सहित ठगी में प्रयुक्त सामान किया जब्त

शिकायतकर्ता ने 300 रुपये का कूपन खरीदा, लेकिन बाद में सामान देने के बजाय अतिरिक्त पैसे मांगने लगे और ठगी कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहनों सहित ठगी में प्रयुक्त सामान जब्त किया।

## वॉलीबॉल टीम भावना का खेल है : मिश्रा



- राष्ट्रीय खेल दिवस पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित, चन्द्रशेखर क्लब बना विजेता

**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जिला क्रीड़ा परिसर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती ऊर रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वाशिष्ठ के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी इसरार मंसूरी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भगत सिंह क्लब और चन्द्रशेखर आजाद क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें चन्द्रशेखर आजाद क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

### विजेता व उपविजेता टीमों को किया गया सम्मानित

मुख्य अतिथि एवं जिला वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने विजेता व उपविजेता टीम को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चैतन्य मिश्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वॉलीबॉल टीम भावना, अनुशासन और त्वरित निर्णय क्षमता को विकसित करने वाला खेल है। यदि युवा पीढ़ी इसे अपनाती है तो न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ होगी बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनेगी। साथ में मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायी जानकारियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## नप के कर्मचारी नागेश्वर के पुत्र को सर्प ने डसा


**अमरकंटक, नवभारत 1 सितंबर।** नगर परिषद कर्मचारी और समोसा व्यवसायी नागेश्वर यादव के पुत्र सतीश यादव को शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजे मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम के हॉलीडे होम्स में कार्य के दौरान सर्प ने डस लिया। उपस्थित लोगों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक पहुंचाया, जहाँ चिकित्सकों ने उपचार प्रारंभ किया। चिकित्सक डॉ. रानू प्रताप सरीवान ने बताया कि सर्प विषैला नहीं था फिर भी सावधानी के तौर पर सभी आवश्यक उपचार किए गए हैं। उन्होंने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि झाड़ियों, घास या पेड़ों के आसपास काम करते समय सतर्कता बरतें ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## चचाई स्कूल में कुर्सी पर कब्जे की जंग

- विभागीय आदेश के बावजूद पूर्व प्राचार्य ने प्रभार सौंपने से किया इंकार

**चचाई नवभारत 1 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई में इन दिनों कुर्सी की जंग छिड़ी हुई है। विभागीय आदेश साफ़-साफ़ कहता है कि व्याख्याता एल.डी. द्विवेदी को प्रभारी प्राचार्य का दायित्व सौंपा गया है, लेकिन पूर्व प्राचार्य फानूस जमाल ने न केवल आदेश मानने से इंकार कर दिया है, बल्कि कुर्सी से हटने को भी तैयार नहीं हैं।

कलेक्टर जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर ने 20 अगस्त को एक आदेश में एलडी द्विवेदी को चचाई विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया। द्विवेदी ने 21 अगस्त की शाम 3.30 बजे संस्था में उपस्थिति दर्ज कर आदेश का पालन भी किया,





लेकिन दूसरी तरफ, विभाग की स्थानांतरण नीति 2025 के तहत फानूस जमाल को कार्यमुक्त कर उनके मूल संस्थान चांदपुर भेज दिया गया था। इसके बावजूद वे चचाई में ही डटी हुई हैं।

### विभागीय आदेश की हो रही अवहेलना : प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी प्राचार्य एलडी द्विवेदी का कहना है कि पूर्व प्राचार्य के अड़ियल रवैये से विद्यालय की शैक्षिक व प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यह विभागीय आदेश की खुली अवहेलना है और तत्काल कार्यवाही ज़रूरी है। अब यह विवाद सिर्फ प्रभार विवाद नहीं रहा, बल्कि यह मामला 'सत्ता-प्रभाव बनाम विभागीय नियम' का रूप ले चुका है। यदि विभाग ने तुरंत हस्तक्षेप कर सख्त कदम नहीं उठाए, तो न केवल विद्यालय की कार्यप्रणाली ठप होगी, बल्कि जनजातीय कार्य विभाग की साख पर भी सवाल खड़े होंगे।

## सड़क हादसे में घायल डॉक्टरों को समाजसेवी ने पहुंचाया अस्पताल

**कोतमा नवभारत 1 सितंबर।** एनएच 43 हाइवे पर शनिवार की रात को पयारी गांव के पास दो पहिया वाहन के बीच सड़क पर आवारा मवेशियों से टकराने से 2 डॉक्टरों के घायल होने का मामला सामने आया है। इस सूचना समाजसेवी शिवांश सिंह को मिलने पर सड़क पर घायल पड़े डॉ. रविन्द्र शर्मा एवं मुकेश रवि को अपने वाहन से फुनगा हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉ. रवींद्र शर्मा, जो परासी हॉस्पिटल में पदस्थ है, उनके सिर एवं हाथ व पांव में चोट आई। चेहरे में 4 टाके भी लगे है। दूसरे घायल मुकेश रवि को सामान्य चोट आई, जिनकी पोस्टिंग फूनगा में ही है। हादसा इतना भयानक था कि घटनास्थल पर ही मवेशी की मौत हो गई।

## स्कूलों में बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

- पोर्टल पर विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी मिलेगी

**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** प्रदेश में स्कूल के विद्यार्थियों के आधार कार्ड स्कूल में ही तैयार करने और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को सुगम बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए आधार, अब स्कूल के द्वार अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में अब सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को पोर्टल पर अपने विद्यार्थियों के लंबित बायोमेट्रिक अपडेट की जानकारी उपलब्ध होगी।

विद्यार्थियों के एमबीयू को और सुगम बनाने के लिए, यूआईडीएआई और भारत सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की तकनीकी टीमों ने ष्ठद्धस्श+ पोर्टल के माध्यम से यह नया समाधान लागू किया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करना है, जिसमें उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और तस्वीर शामिल हैं। अपडेटेड आधार विद्यार्थियों के लिए स्कूल प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं, छात्रवृत्ति और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं जैसी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है।

### स्कूलों में शिविर आयोजित होंगे

स्कूल शिक्षा विभाग ने जिला प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्राचार्यों को निर्देश जारी किये हैं कि वे इस पोर्टल का उपयोग कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों के आधार अपडेट सुनिश्चित करें। विद्यार्थी इस अभियान के तहत स्कूलों में आयोजित शिविर या निकटतम आधार सेवा केंद्र पर जाकर अपने एमबीयू पूर्ण कर सकते हैं। यह अभियान विद्यार्थियों को समय पर आधार अपडेट की सुविधा प्रदान कर उनकी शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया को और सरल बनाएगा।

## भाजपा ने रैली निकालकर राहुल का पुतला फूंका



- पीएम की माता को अपशब्द कहने व महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का किया विरोध

**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व.माताजी के लिए अपशब्दों को प्रयोग करने तथा मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रदेश की महिलाओं को सर्वाधिक शराब पीने वाली बताने पर देशभर की मातृशक्ति में आक्रोश हैं। सोमवार को अनूपपुर जिला भाजपा ने रैली निकालकर राहुल गांधी का पुतला फूंककर आक्रोश जताया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ने बताया जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में सोमवार को आक्रोश रैली निकाली गई, जिसमे बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता व पदाधिकारी राहुल गांधी शर्म करो, शर्मा करो.. जीतू पटवारी शर्म करो,. नारी शक्ति के सम्मान में, भाजपा मैदान में... आदि नारे लगाते हुए चल रही थीं। आक्रोश रैली नगर में भ्रमण करते हुए सामतपुर तालाब के पास मातृशक्ति ने राहुल गांधी के पुतले आग के हवाले कर दिया गया।

### कांग्रेस ने निर्लज्जता की हदें पार दीं : श्याम

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि राहुल गांधी सहित समूची कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी को गाली देते-देते अब उनकी स्वर्गीय माता को गालियां देने लगे हैं। कांग्रेसियों ने निर्लज्जता की सारी हदें पार कर ली हैं। मातृशक्ति का यह अपमान देश की जनता सहन नहीं करेगी। कांग्रेसियों को उनके कर्मों की सजा अवश्य देगी।

### इनकी रही उपस्थिति

आक्रोश रैली में भाजपा जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, जितेंद्र सोनी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ज्योति सोनी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पुष्पा पटेल, भाजपा जिला मंत्री ज्योति शर्मा, दुर्गा पटेल, गुड़िया रौतेल, मंडल अध्यक्ष संगीता माली, जयंती मिश्रा,विमला सिंह, सविता सिंह, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री तृप्ती सिंह, रोमलता सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा, अजय द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

## सोने-चांदी के जेवर चमकाने के नाम पर ठगी

- पुलिस ने बिहार के युवक को किया गिरफ्तार

**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** जिले में कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने ग्राम सेन्दुरी में सोने चांदी के जेवर और बर्तन को केमिकल और एसिड द्वारा साफ कर चमकाने के नाम पर ठगी करने वाले समस्तीपुर (बिहार) निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सरिता सत्यम राठौर निवासी ग्राम सेन्दुरी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। कोतवाली अनूपपुर के अनुसार सोने-चांदी के जेवर और बर्तन साफ करने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी ग्राम सेन्दुरी में 31 अगस्त की शाम सरिता सत्यम राठौर के घर आया और तांबे, पीतल, चांदी के बर्तन व जेवर साफ करने का झांसा देने लगा। शुरूआत में मना करने के बावजूद तांबे का लोटा साफ किया और बाद में जिद कर चांदी की पायल साफ करने के लिए ली। आरोपी ने पायल पर एसिड और



पाउडर डालकर ब्रश से साफ किया, जिससे पायल का वजन घट गया और उसकी गुणवत्ता नष्ट हो गई।

### पुलिस ने स्टेशन से किया गिरफ्तार

पुलिस ने जांच में पाया कि फरियादि की पायल, 31 मार्च को पुरुषोत्तम ज्वेलर्स से 62.620 ग्राम की खरीदी थी, उसका वजन केवल 36 ग्राम रह गया। जिस पर थाना कोतवाली ने प्रकरण दर्ज किया तथा आरोपी की तलाश हेतु कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने घेराबंदी कर आरोपी छोटू कुमार निवासी समस्तीपुर, बिहार को रेलवे स्टेशन से भागने के पूर्व गिरफ्तार कर लिया।

कार्यक्रम | जिले की सभी शालाओं में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम आयोजित, साझा रूप से किया संकल्प का वाचन

# शिक्षकों व विद्यार्थियों ने स्कूल को उत्कृष्ट बनाने लिए पांच संकल्प



**अनूपपुर नवभारत 1 सितंबर।** सोमवार को प्रदेश के लगभग सवा लाख विद्यालयों में एक साथ प्रार्थना सभा उपरांत हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा शिक्षक एवं छात्रों को विद्यालय के हर कसौटी पर उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से पांच संकल्प लिया गया। इसी अनुक्रम में अनूपपुर जिला अंतर्गत चारों विकासखंडों क्रमश: अनूपपुर पुष्पराजगढ़, जैतहरी एवं कोतमा विकासखंडों के समस्त विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा साझा रूप से संकल्प का वाचन किया गया।

जनजाति कार्य विभाग के प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह, महामंत्री राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद पुनी, प्रांतीय सचिव महेंद्र त्रिपाठी, आयाम प्रमुख अरुण मिश्रा के कुशल निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं माने

संभागीय अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, संगठन मंत्री डॉ. नरेंद्र पटेल ,सचिव हरिहर प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर, जिला अध्यक्ष संजय निगम के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में विद्यालय को स्वच्छ अनुशासित हरित तथा प्रेरणास्पद बनाए रखने, विद्यालय के संपदा संसाधन तथा समय को राष्ट्र धन मानने, शिक्षा को केवल ज्ञान का माध्यम नहीं अपितु चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास एवं समाज सेवा का साधन मानने, विद्यालय को केवल एक संस्था नहीं अपितु संस्कार सेवा और समर्पण का तीर्थ मानने का संकल्प डॉ. कौशलेंद्र सिंह प्राचार्य ,जनजाति कार्य विभाग प्रांतीय संयोजक अनिल कुमार सिंह द्वारा स्टाफ सहित छात्रों को सामूहिक रूप से संकल्प का वाचन कराया गया।

### 450 छात्रों के साथ पूरा स्टाफ हुआ शामिल

कार्यक्रम में लगभग 450 छात्रों के साथ पूरा स्टाफ उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित रहा। श्रीमती अमिता मरकाम नगर अध्यक्ष सहित , डॉक्टर प्रमिला पांडे , श्रीमती प्रज्ञा सिंह, मीना द्विवेदी, रंजना मिश्रा, अनामिका मिश्रा ,संध्या पांडे, निधि सोनी ,रामनरेश सोनी, सूरज सोनी,अब्दुल कलाम मंसूरी ,ईश्वर चंद्र विद्यासागर ,वर्षा लिहारे और मिट्ठू लाल साहू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### इन विद्यालयों में कार्यक्रम हुआ आयोजित

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया, सांदीपनि विद्यालय खूंटाटोला ,शासकीय प्राथमिक विद्यालय छिड़मिडी, माध्यमिक विद्यालय गोविंदा कॉलरी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र ग्राम, मॉडल पुष्पराजगढ़, माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर, शासकीय एकीकृत विद्यालय पिपरहा सहित अनेक विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

## भगवान श्रीचंद्र देव का प्रकटोत्सव मनाया गया

- कल्याण सेवा आश्रम में पूजन हवन के बाद हुआ विशाल भंडारा

**अमरकंटक, नवभारत 1 सितंबर।** कल्याण सेवा आश्रम में सोमवार को उदासीन संप्रदाय (उदासीन पंथ) के संस्थापक बाबा श्रीचंद्र महाराज (भगवान श्रीचंद्र देव) का 531वां प्रकटोत्सव मनाया गया।

पंद्रहवीं सदी के आखिरी दशक में जब धार्मिक कट्टरता, जातीय संकीर्णता और सामाजिक शोषण चरम पर थे तब उदासीन आचार्य जगतगुरू श्रीचंद्र देव का जन्म विक्रमी 1551 में पिता गुरुनानक देव तथा माता सुलक्षणा के गृह में हुआ था। बचपन से ही समाधि में बैठ जाना व सहज चमत्कार से जनमानस ने उन्हें भगवान का अवतार माना। पिता गुरुनानक देव का मार्ग उन्होंने अपनाया और अपना उद्देश्य बताया।

### मनुर्भव का दिया संदेश

प्राथमिक और उच्च शिक्षा के बाद उदासीन मत की दीक्षा कश्मीर में गुरु अविनाशी मुनि से प्राप्त की। उन्होंने मनुर्भव का संदेश दिया अर्थात मनुष्यता धारण करना, धैर्य, दया, शालीनता, क्षमा, संयम आदि गुणों को अपनाया। जनमानस के अंदर आत्म विश्वास को जगाना और साधनों के अभाव में संपूर्ण राष्ट्र में भ्रमण कर अपने चमत्कार और उपदेशों से सन्मार्ग हेतु प्रेरित किए।



### विधि विधान से की गई आरती व हवन

कल्याण सेवा आश्रम के वर्तमान पुजारी स्वामी नर्मदानंद महाराज ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल नवमी तिथि को भगवान श्रीचंद्र देव का प्रकटोत्सव पर्व जन्म दिवस के रूप ने मनाया जाता है। प्रात: पवित्र जल से प्रभु को स्नान, नए वस्त्र, चंदन आदि श्रृंगार किया गया। ब्राह्मण मुकेश पाठक और पं. संदीप ज्योतिषी ने विधि विधान से भगवन् का पूजन आराधना बाद आरती और हवन किया। श्रीचंद्र देव भगवन को खास प्रसाद, जिसे रोटप्रसाद कहा जाता है, का भोग लगाया गया।